दैनिक
# नवश्रेय टाईम्स

PRGI No._RJHIN/25/A0587

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com

वर्ष : 01 अंक : 62 जयपुर, शुक्रवार, 03 अक्टूबर 2025 प्रभात संस्करण मूल्य: 2 रु. कुल पृष्ठ : 4

# राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राहुल गांधी ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को जन्मदिन पर किया नमन, राजघाट एवं विजय घाट पर दी श्रद्धांजलि

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत तमाम नेताओं ने गुरुवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री मोदी आज सुबह राजघाट पहुंचे और श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के समाधि स्थल विजय घाट पर पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इससे पहले सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने लिखा, गांधीजी ने दिखाया कि कैसे साहस और सादगी महान परिवर्तन के साधन बन सकते हैं, उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने के आवश्यक साधन के रूप में सेवा और करुणा की शक्ति में विश्वास पैदा किया। उन्होंने आगे लिखा कि गांधी जयंती प्रिय बापू के असाधारण जीवन को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिनके आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी। उन्होंने दिखाया कि कैसे साहस और सादगी महान परिवर्तन के साधन बन सकते हैं वे सेवा और करुणा की शक्ति को लोगों को सशक्त बनाने के अनिवार्य साधन मानते थे। पोस्ट में लिखा कि हम एक विकसित भारत के निर्माण के अपने अभियान में उनके बताए मार्ग पर चलते रहेंगे।



प्रधानमंत्री मोदी ने लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए लिखा कि लाल बहादुर शास्त्री जी एक असाधारण राजनेता थे जिनकी ईमानदारी, विनम्रता और दृढ़ संकल्प ने चुनौतीपूर्ण समय में भी भारत को सशक्त बनाया। वे अनुकरणीय नेतृत्व, शक्ति और निर्णायक कार्रवाई के प्रतीक थे। %जय जवान जय किसान के उनके आह्वान ने हमारे लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई। वे हमें एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रेरित करते रहते हैं।

## गांधीजी और शास्त्रीजी को मोदी और बिरला ने दी श्रद्धांजलि



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नेताओं ने संसद भवन स्थित संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में गांधीजी और शास्त्रीजी के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल सहित कई सांसदों, पूर्व सांसदों ने भी दोनों दिवंगत नेताओं को याद किया और श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला राजघाट पहुंचे और वहां भी महात्मा गांधी को नमन किया। उन्होंने कहा कि गांधीजी का संपूर्ण जीवन मानवता के लिए एक अमर संदेश है। उनके विचार और शिक्षाएं आज भी सामाजिक, राजनीतिक और नागरिक जीवन को दिशा देती हैं। बिरला ने कहा कि बापू ने अपने सादगीपूर्ण जीवन से यह दिखाया कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर भी बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। ओम बिरला ने लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि देश उनके अटूट देशभक्ति, दृढ़ संकल्प और सादगी के लिए उन्हें हमेशा याद करता रहेगा। उन्होंने कहा कि शास्त्रीजी ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर स्वतंत्र भारत के निर्माण तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका 'जय जवान, जय किसान' का नारा आज भी देश के लिए प्रेरणा है।लोकसभा अध्यक्ष ने एक्स पर लिखा कि गांधीजी के सशक्त मूल्यों ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी और उनके आह्वान पर करोड़ों भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हुए। उन्होंने यह भी कहा कि शास्त्रीजी ने अपने सरल जीवन और मजबूत इच्छाशक्ति से देशवासियों का दिल जीता और राष्ट्र को नई ऊर्जा दी।

## खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने 5वें विशेष अभियान के तहत स्वच्छता और सुशासन को प्राथमिकता दी

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने अपने अधीनस्थ कार्यालयों और सार्वजनिक उपक्रमों के साथ मिलकर लंबित मामलों के निपटान हेतु 5वें विशेष अभियान के अंतर्गत महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। अभियान का विषय स्वच्छता को संस्थागत बनाना और लंबित मामलों में कमी लाना है। इस पहल का उद्देश्य कार्यकुशलता बढाना, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और नागरिक-केंद्रित शासन को सुदृढ़ बनाना है।इस पहल का उद्देश्य कार्यकुशलता बढाना, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और नागरिक-केंद्रित शासन को सुदृढ़ बनाना है। यह अभियान सभी कार्यालयों में स्वच्छता, फ़ाइल प्रबंधन, शिकायत निवारण और ई-कचरा निपटान पर केंद्रित है। स्वच्छता अभियान के तहत, विभाग के सभी कार्यालयों में सफाई के लिए 933 स्थानों की पहचान की गई है। इसका उद्देश्य कार्यस्थल को अधिक स्वच्छ और व्यवस्थित बनाना है। विभाग अनुपयोगी वस्तुओं की पहचान और उनके निपटान पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिससे राजस्व सृजन और कार्यालयों में अधिक स्थान बनाने में मदद मिले। अभियान के दौरान शीघ्र समाधान हेतु निम्नलिखित लंबित मामलों की पहचान की गई है।

रक्षा मंत्री ने भुज में शस्त्र पूजा की, जवानों के माथे पर तिलक लगाकर मनोबल बढ़ाया

## पाकिस्तान को राजनाथ की चेतावनी- अगला दुस्साहस होने पर बदल देंगे इतिहास और भूगोल

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बार विजयदशमी का पर्व गुजरात के भुज मिलिट्री स्टेशन पर सैनिकों के साथ मनाया। जवानों का मनोबल बढ़ाने के साथ ही उन्होंने भुज में शस्त्र पूजा की और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की हवाई रक्षा को बेनकाब करके भारत की निर्णायक क्षमता साबित करने के लिए सशस्त्र बलों को सराहा। उन्होंने चेतावनी दी कि दुश्मन का अगला कोई भी दुस्साहस हुआ तो इतिहास और भूगोल बदलने लायक कड़ा जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि शस्त्र पूजा भारत के शस्त्रों को धर्म के साधन मानने के दर्शन को दर्शाती है। शस्त्र (ज्ञान) और शस्त्र (हथियार) के संतुलन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। सीमा और साइबर चुनौतियों के प्रति आगाह किया और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मनोबल और शस्त्रों के बल पर कोई भी चुनौती भारत के संकल्प का सामना नहीं कर सकती। रक्षा मंत्री ने भुज में शस्त्र पूजा की और उन्होंने जवानों के माथे पर तिलक लगाकर ऑपरेशन सिंदूर में भारत की निर्णायक क्षमता साबित करने के लिए सराहा। जवानों को संबोधन में उन्होंने कहा कि शस्त्रों की पूजा का यह दिन केवल हमारे



व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय जीवन से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। जब एक राष्ट्र के रूप में हम अपने शस्त्रों का सम्मान करते हैं, तो हम केवल हथियारों का नहीं, बल्कि हम अपनी सामूहिक शक्ति, अपनी सुरक्षा और अपनी स्वतंत्रता का भी सम्मान कर रहे होते हैं।

आज अपनी आत्मनिर्भरता के संकल्प से भारत शस्त्रों का सिर्फ उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि निर्माता और निर्यातक भी बन रहा है। थल सेना, वायु सेना और नौसेना हमारी शक्ति के तीन स्तंभ हैं। जब ये तीनों सेनाएं मिलकर कार्य करती हैं, तभी हम हर चुनौती का प्रभावी ढंग से सामना कर सकते हैं। हमारी सरकार लगातार अपनी सेनाओं के एकीकरण पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने लेह से लेकर सर क्रीक के इस इलाके तक भारत के डिफेंस सिस्टम को भेदने की कोशिश की, लेकिन भारत की सेनाओं ने अपनी जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी एयर डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह एक्सपोज कर दिया।

भारत ने दुनिया को संदेश दे दिया कि भारत की सेनाएं जब चाहें, जहां चाहें और जैसे भी चाहें पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं। अपने सामर्थ्य के बावजूद हमने संयम का परिचय दिया, क्योंकि हमारी सैन्य कार्रवाई आतंकवाद के विरोध में थी। इसको आगे बढ़ाकर जंग छेड़ना ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य नहीं था, मगर आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई अभी भी जारी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आजादी के 78 साल बीत जाने के बावजूद सर क्रीक इलाके में सीमा को लेकर एक विवाद खड़ा किया जाता है। भारत ने कई बार बातचीत के रास्ते इसका समाधान करने का प्रयास किया है, मगर पाकिस्तान की नीयत में ही खोट है, उसकी नीयत साफ नहीं है। जिस तरह से हाल में पाकिस्तान की फौज ने सर क्रीक से सटे इलाकों में अपना सैन्य ढांचा बढ़ाया है, उससे उसकी नीयत का पता चलता है। राजनाथ सिंह ने चेतावनी दी कि भारत की सीमाओं की रक्षा भारतीय सेनाएं और बीएसएफ मिल कर मुस्तैदी से कर रही है।

अगर सर क्रीक इलाके में पाकिस्तान की ओर से कोई भी हिमाकत की गई, तो उसे ऐसा करारा जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएगा।

## सालभर में कम से कम 5 हजार रुपये के खादी वस्त्र जरूर खरीदें: अमित शाह



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

गांधी जयंती पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार यहां के कनॉट प्लेस स्थित खादी इंडिया शोरूम पहुंचे। उन्होंने खादी उत्पाद खरीदे और उनका ऑनलाइन भुगतान किया। इस मौके पर अमित शाह ने दिल्ली में खादी महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। उन्होंने बापू के खादी और स्वदेशी के विचारों को नमन करते हुए लोगों से सालाना 5000 रुपये की खादी वस्त्र खरीदने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ खादी ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मौजूद थे।अमित शाह ने मीडिया कर्मियों से कहा कि हर परिवार को सालाना कम से कम 5000 रुपये की खादी खरीदनी चाहिए। चाहे वह चादर हो, तकिये के कवर हों, पर्दे हों या फिर तौलिए। जब ??आप ये चीज़ें खरीदते हैं, तो आप किसी के लिए रोज़गार पैदा करते हैं और हज़ारों गरीबों के जीवन में उजाला लाते हैं। जब आप स्वदेशी को अपनाते हैं, तो आप 2047 तक भारत को दुनिया में शीर्ष स्थान पर पहुंचाने के एक महत्वाकांक्षी अभियान से जुड़ जाते हैं। हज़ारों परिवारों ने अपने घरों में किसी भी विदेशी सामान का इस्तेमाल न करने का संकल्प लिया है। लाखों दुकानदारों ने अपनी दुकानों में विदेशी सामान न बेचने का संकल्प लिया है। उन्होंने देश की जनता से इन दोनों अभियानों को सफल बनाने की अपील की। अमित शाह ने कहा कि देश में लंबे समय तक खादी और स्वदेशी दोनों को भुला दिया गया था। वर्ष 2003 में जब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। तब उन्होंने गुजरात में खादी को पुनर्जीवित करने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया।

## इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम को मिला जबरदस्त सपोर्ट, 1.15 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए : अश्विनी वैष्णव

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के तहत सरकार को 1.15 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इस स्कीम को देश में इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए शुरू किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि योजना बनाए जाने के दौरान निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में प्रस्तावों में निवेश, रोजगार और उत्पादन लक्ष्य कई गुना अधिक है। वैष्णव ने कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के लिए एप्लीकेशन विंडो 30 सितंबर को बंद हो गई है और हमें इस योजना के तहत 1,15,351 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।वैष्णव ने कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के लिए एप्लीकेशन विंडो 30 सितंबर को बंद हो गई है और हमें इस योजना के तहत 1,15,351 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने इस योजना के तहत लगभग 59,000 करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त करने की परिकल्पना की है और कैपिटल इक्विपमेंट सेगमेंट के लिए एप्लीकेशन विंडो अभी भी खुली है।केंद्रीय कैबिनेट ने मार्च 2025 में 22,919 करोड़ रुपए के बजट के साथ छह वर्षों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम को मंजूरी दी थी। इस योजना का उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम में बड़े निवेश आकर्षित करना, क्षमता विकसित करके घरेलू मूल्य संवर्धन (डीएवी) और भारतीय इस योजना का उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम में बड़े निवेश आकर्षित करना, क्षमता विकसित करके



घरेलू मूल्य संवर्धन (डीएवी) और भारतीय कंपनियों को ग्लोबल वैल्यू चेन (जीवीसी) के साथ इंटीग्रेट करके एक मजबूत कंपोनेंट इकोसिस्टम विकसित करना है।इस स्कीम में सरकार द्वारा भारतीय मैन्युफैक्चरर्स को विभिन्न श्रेणियों के कंपोनेंट्स और सब-असेंबली के लिए अलग-अलग तरह के प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे टेक्नोलॉजिकल क्षमताएं और स्केल को हासिल कर पाएं।इस स्कीम के अंतर्गत 59,350 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने, 4,56,500 करोड़ रुपये का उत्पादन करने तथा 91,600 लोगों के लिए इस स्कीम के अंतर्गत 59,350 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने, 4,56,500 करोड़ रुपये का उत्पादन करने तथा 91,600 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार और अनेक अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित करने की योजना बनाई है, जिससे देश तेजी से इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग में आगे बढ़ सके। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सचिव एस कृष्णन ने कहा कि प्रस्तावों में 1.41 लाख लोगों के लिए रोजगार सृजन की प्रतिबद्धता कंपनियों ने जताई है, जबकि योजना के तहत 91,600 लोगों के लिए रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है।

## आईएनएस सतलुज मॉरीशस में 18वें संयुक्त हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण मिशन के लिए पोर्ट लुईस पहुंचा

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

भारतीय नौसेना का विशेष हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण पोत आईएनएस सतलुज 29 सितंबर 2025 को मॉरीशस में 18वां संयुक्त हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के लिए पोर्ट लुईस पहुंचा । यह मिशन इस वर्ष के आरंभ में आयोजित हाइड्रोग्राफी पर 14वीं संयुक्त समिति की बैठक के दौरान हस्ताक्षरित हाइड्रोग्राफी पर दीर्घकालिक द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन के ढांचे के तहत संचालित किया जा रहा है । वर्तमान सर्वेक्षण मिशन लगभग 35,000 वर्ग समुद्री मील के विस्तृत क्षेत्र को कवर करेगा। क्षमता निर्माण प्रयासों के एक भाग के रूप में, मॉरीशस के विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारी जल सर्वेक्षण डेटा संग्रह और प्रसंस्करण में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए

## सरकार ने ई-कचरे और कबाड़ की बिक्री से कमाए 3,296.71 करोड़ रुपए : डॉ. जितेंद्र सिंह

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने ई-कचरे और कबाड़ की बिक्री से 3,296.71 करोड़ रुपए कमाए हैं, जबकि पिछले चार वर्षों में 696.27 लाख वर्ग फुट से अधिक कार्यालय स्थान को साफ किया गया है और उपयोग में लाया गया है। राष्ट्रीय राजधानी के नेहरू पार्क में विशेष स्वच्छता अभियान 5.0 के शुभारंभ के अवसर पर बोलते हुए, डॉ. सिंह ने कहा कि इस अभियान से शासन और सार्वजनिक सेवाओं में स्पष्ट बदलाव आए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के पिछले चरणों के दौरान 137.86 लाख से ज्यादा पुरानी फाइलों को हटाया गया है और देश भर में 12.04 लाख से अधिक जगहों की सफाई की गई है।केंद्रीय मंत्री ने इन परिणामों को प्राप्त करने में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग



(डीएआरपीजी) और अन्य विभागों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने इस कार्यक्रम में श्रमदान गतिविधियों, एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत वृक्षारोपण अभियान और पुरानी फाइलों की सफाई में भी भाग लिया।विशेष स्वच्छता अभियान को स्वतंत्र भारत में शासन की एक अनूठी सफलता की कहानी बताते हुए, डॉ. सिंह ने कहा कि 2 अक्टूबर से शुरू होने वाला कार्यान्वयन चरण स्वच्छता अभियानों को संस्थागत बनाने, प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और सरकारी कार्यालयों में दक्षता में सुधार लाने पर केंद्रित होगा।उन्होंने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया । और कहा कि लाल किले से प्रधानमंत्री के आह्वान ने स्वच्छता को एक व्यवहारिक परिवर्तन में बदल दिया है ।जिसे देश भर के घरों और समुदायों ने अपनाया है।डॉ. सिंह ने अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाए रखने में सफाई कर्मियों की केंद्रीय भूमिका को स्वीकार करते हुए, सुरक्षा किट और मिठाइयां वितरित करके सफाई मित्रों को सम्मानित भी किया। मंत्री ने आगे कहा कि विभिन्न मंत्रालयों और विभागों ने कार्यान्वयन चरण के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य पहले ही अपलोड कर दिए हैं। जिनमें समीक्षा के लिए लगभग 6.9 लाख जन शिकायतें, 26.9 लाख से अधिक फिजिकल फाइलें और समीक्षा के लिए पहचानी गई ।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से फोन पर की बात, शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से फोन पर बात की ओर उनके स्वास्थ के बारे में जानकारी ली।

गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि उन्होंने खरगे जी से बात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने खरगे के निरंतर स्वस्थ रहने और दीर्घायु होने की प्रार्थना की।उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की तबीयत



अचानक खराब होने के बाद उन्हें बुधवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इसे लेकर बुधवार को कर्नाटक के आईटी मंत्री प्रियांक खरगे ने एक्स पोस्ट में लिखा, मल्लिकार्जुन खरगे के लिए पेसमेकर प्रत्यारोपण प्रक्रिया आज सुबह सफलतापूर्वक पूरी हो गई।

यह एक छोटी और मामूली प्रक्रिया थी और उनकी हालत स्थिर है।

उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे के 3 अक्टूबर से काम पर लौटने और अपने सभी नियोजित कार्यक्रमों में भाग लेने की संभावना है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मनोहर लाल ने गांधी जयंती पर रूसी दूतावास के प्रदर्शनी का किया उद्घाटन



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने आज महात्मा गांधी की 156वीं जयंती के अवसर पर यहां के रूसी दूतावास के तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी का विषय गांधी-टॉलस्टॉय था।आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया गया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य गांधी जी और टॉलस्टॉय के विचारों एवं उनके योगदान को प्रदर्शित करना है। इस अवसर पर राज्यमंत्री तोखन साहू, रूसी राजदूत हिज़ एक्सेलेंसी डेनिस एलीपोव और आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### वन्यजीव सप्ताह के उपलक्ष्य में मानेसर में 'नमो वन' की रखी गई आधारशिला



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

वन्यजीव सप्ताह 2025 (2-8 अक्टूबर) के तहत केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने हरियाणा के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह के साथ गुरुवार को मानेसर में 'नमो वन' की आधारशिला रखी। इस अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। वन और वन्यजीव संरक्षण के कार्य में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विद्यालय के छात्र, वन विभाग के कर्मचारी, पत्रकार, समाजसेवी और अन्य हितधारकों उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में भूपेंद्र यादव ने भारत की जैव विविधता के संरक्षण के महत्व पर बल दिया । उन्होंने कहा कि वन्यजीव सप्ताह का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक तक वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के संरक्षण और संवर्धन का संदेश पहुँचाना है।वन्यजीव सप्ताह हर वर्ष 2 से 8 अक्टूबर तक मनाया जाता है ताकि वन्यजीव संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन के महत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस वर्ष का आयोजन 'सेवा पर्व' की थीम पर आधारित है, जो प्रकृति के प्रति सेवा और जिम्मेदारी की व्यापक भावना को प्रतिबिंबित करता है।

स्वच्छता ही सेवा, सेवा ही राष्ट्र निर्माण

### विधि कार्य विभाग ने राष्ट्रव्यापी भागीदारी के साथ स्वच्छता ही सेवा 2025 मनाया

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

विधि और न्याय मंत्रालय के विधि कार्य विभाग (डीएलए) द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025 तक स्वच्छता ही सेवा 2025 मनाए जाने के दौरान, शास्त्री भवन और देश भर में इसके संबद्ध कार्यालयों के गलियारे न केवल झाड़ू और ब्रश से बल्कि जिम्मेदारी की साझा भावना से भी गुंजायमान हो रहे थे। इस वर्ष का अभियान कार्यकलापों की एक श्रृंखला के रूप में सामने आया, जिसने राष्ट्रव्यापी आंदोलन के पांच प्रमुख स्तंभों - स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों के रूपातंरण से लेकर सार्वजनिक स्थानों की सफाई तक, सफाई मित्रों की सराहना से लेकर स्वच्छता की रंगोली जैसी स्वच्छता से जुडी रचनात्मक अभिव्यक्ति और स्वच्छता की पक्षधरता - के हर पहलू को छुआ।

## संपादक की कलम से....

# त्योहारों पर मौसम की मार : क्या हम हैं तैयार?



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

जयपुर में रावण दहन से पहले तेज बारिश का आना एक बार फिर यह दर्शाता है कि मौसम और प्राकृतिक आपदाएँ हमारे जीवन और सांस्कृतिक आयोजनों पर गहरे असर डाल सकती हैं। दशहरा जैसे प्रमुख त्योहार पर जब लाखों लोग रावण के पुतले का दहन करने के लिए इकट्ठा होते हैं, तो मौसम की स्थिति न केवल आयोजकों बल्कि आम जनता के लिए भी चुनौतीपूर्ण बन जाती है। इस बार की बारिश ने जयपुर में आयोजनों को प्रभावित किया। खासकर उन स्थानों पर जहां रावण दहन के कार्यक्रम आयोजित होने थे, पानी जमा हो गया और यातायात की स्थिति बिगड़ गई। यह स्थिति हमें यह समझने का अवसर देती है कि पारंपरिक त्योहारों के साथ-साथ हमारी बुनियादी ढांचे और जल निकासी प्रणालियों में सुधार की कितनी आवश्यकता है।

यद्यपि स्थानीय प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए त्वरित कदम उठाए और लोगों को सुरक्षित रखने के प्रयास किए, लेकिन इस घटना ने यह भी स्पष्ट किया कि जलवायु परिवर्तन और अनियमित बारिश के कारण भविष्य में इस प्रकार की चुनौतियाँ और बढ़ सकती हैं। क्या हम इस परिदृश्य को समझते हुए अपने शहरी योजनाओं और पर्यावरणीय व्यवस्थाओं को फिर से नहीं देख सकते? यह केवल जयपुर की बात नहीं है। देश के कई हिस्सों में त्योहारों के दौरान बारिश, तूफान या फिर अत्यधिक गर्मी जैसी परिस्थितियाँ आम होती जा रही हैं। कहीं गणेश विसर्जन के दिन भारी बारिश हो जाती है, तो कहीं दिवाली की रात प्रदूषण के साथ कोहरा मिलकर हवा को जहरीला बना देता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह जलवायु परिवर्तन का परिणाम है। मौसम के पुराने पैटर्न बदल रहे हैं। जहाँ पहले अक्टूबर को सूखा महीना माना जाता था, अब वहां अचानक बारिश होने लगी है। असमय बारिश, बेमौसम गर्मी या ठंड अब सामान्य बात होती जा रही है।

इस बारिश ने हमें एक महत्वपूर्ण सवाल से भी रूबरू कराया है- क्या हम अपने सांस्कृतिक आयोजनों को मौसम के अनुसार और अधिक लचीला बना सकते हैं, ताकि किसी अप्रत्याशित प्राकृतिक घटना का हमारे उल्लास पर कम से कम असर पड़े? हम त्योहारों के उल्लास और खुशी को बनाए रखते हुए प्रकृति के साथ संतुलन कैसे बना सकते हैं? आखिरकार, यह घटना हमें यह याद दिलाती है कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण एक दूसरे से जुड़े हुए हैं।

हमें दोनों का सम्मान करते हुए एक संतुलित जीवन जीने की आवश्यकता है, ताकि हम न केवल त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मना सकें, बल्कि जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक समस्याओं का समाधान भी तलाश सकें। चाहे बारिश ने रावण दहन के आयोजन को प्रभावित किया हो, लेकिन जयपुर के लोग अपनी परंपरा को बनाए रखने के लिए उत्साहित रहे। हालांकि, आयोजकों और प्रशासन ने इस मौसम को देखते हुए योजनाओं में बदलाव किए, लेकिन त्योहार की खुशी में कोई कमी नहीं आई।

रावण दहन और विजयदशमी के इस खास दिन पर जयपुरवासियों ने मिलकर त्योहार का आनंद लिया।

# एनसीआरबी की रिपोर्ट के आधार पर अध्ययन करते हुए डोटासरा प्रदेश अध्यक्ष पद से दें इस्तीफाः जवाहर सिंह बेढम

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर




गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने राष्ट्रीय अपराध नियंत्रण ब्यूरो की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कांग्रेस की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर तीखा हमला किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बेढ़म ने कहा कि राजस्थान में पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कार्यकाल में अपराधों में बेहताशा इजाफा हो रहा था, हालात इस कदर बिगड़ गए थे कि समूचे राजस्थान में जंगलराज बन गया था। इसके बावजूद कांग्रेसी नेता गहलोत,डोटासरा जनता को गुमराह करते रहे। एनसीआरबी की रिपोर्ट के आधार पर 2023 में गहलोत के कार्यकाल में राजस्थान में बलात्कार, महिला हिंसा, एसटी–एसटी अपराध, साइबर अपराधों में लगातार बढ़ोतरी हुई थी। वहीं भाजपा की भजनलाल सरकार के राज में 2024 में सभी अपराधों पर नियंत्रण किया गया और इनका ग्राफ तेजी से नीचे आ रहा है। ऐसे में एनसीआरबी की रिपोर्ट के आधार पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को पश्चाताप करते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने बताया कि भजनलाल सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। राजस्थान पुलिस का ध्येय वाक्य %आमजन में विश्वास, अपराधियों में डर% चरितार्थ हो रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मजबूत इरादों और दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते राजस्थान पुलिस अपराधियों के खिलाफ जमकर कार्रवाई कर रही है। प्रदेश में 2023 की तुलना में 2024 में 13 प्रतिशत हत्या के मामलों में कमी आई है। वहीं हत्या का प्रयास मामलों में 2 प्रतिशत, डकैती में 20 प्रतिशत, बलवा में 76 फीसदी और बलात्कार के मामलों में 7 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इतना ही नहीं, गहलोत की पूर्ववर्ती सरकार की तुलना में भजनलाल सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ खुलकर कार्रवाई कर रही है। भजनलाल सरकार में महिला अत्याचार के 21 फीसदी मामलों में कमी दर्ज की गई। इतना ही नहीं, गहलोत की पूर्ववर्ती सरकार की तुलना में भजनलाल सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ खुलकर कार्रवाई कर रही है।

भजनलाल सरकार में महिला अत्याचार के 21 फीसदी मामलों में कमी दर्ज की गई। वहीं एससी एसटी के विरूद्ध अत्याचार मामलों में 18 फीसदी, लूट में 17 प्रतिशत, संपत्ति संबंधी अपराध में 48 प्रतिशत की कमी आई है। इसके बावजूद भी कांग्रेसी नेता अपने बड़बोलेपन के चलते प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है, लेकिन राजस्थान में अब भजनलाल शर्मा की सरकार है, प्रदेश की जनता को जंगलराज से अब छुटकारा मिल गया है। गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि प्रदेश के मुखिया भजनलाल शर्मा की दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते राजस्थान पुलिस का मनोबल लगातार बढ़ रहा है। गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि प्रदेश के मुखिया भजनलाल शर्मा की दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते राजस्थान पुलिस का मनोबल लगातार बढ़ रहा है। राजस्थान पुलिस ने साइबर अपराध को कम करने की दिशा में भी सराहनीय कार्य किया और आमजन को ठगी से बचाने के लिए राजस्थान पुलिस हैकथॉन, ऑपरेशन एंटी वाइरस, ऑपरेशन साइबर शील्ड जैसे विशेष अभियान चलाए।इनके चलते 2023 की तुलना में जून 2024 में साइबर अपराध में 31 फीसदी कमी दर्ज की गई, जबकि जून 2025 में 68 फीसदी साइबर अपराध नियंत्रित किया गया। यह राजस्थान सरकार की इच्छा शक्ति और पुलिस की प्रभावी कार्रवाई के चलते संभव हो पाया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का स्वदेशी प्रोडक्ट पर जोर, खादी ग्रामोद्योग भवन से की खरीदारी



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बजाज नगर स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में पहुँचकर खादी उत्पादों की खरीदारी की और आमजन को स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने खादी वस्त्रों का अवलोकन करते हुए कहा कि हमें विदेशी उत्पादों की बजाय देश में बने हुए स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। दिया कुमारी ने कहा कि खादी न सिर्फ आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, बल्कि यह महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन की आत्मा भी है। उन्होंने सभी से अपील की कि भारतीय हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए खादी व ग्रामोद्योग से जुड़ी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करें।

### सिंदूर खेला के साथ बंगाली समाज का दुर्गा



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

विजया दशमी पर राजधानी में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव गुरुवार को सिंदूर खेला के साथ संपन्न हुए। विवाहित महिलाओं ने माँ दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर एक-दूसरे को भी सिंदूर लगाया। बनीपार्क स्थित दुर्गाबाड़ी में सुबह सिंदूर उत्सव (सिंदूर खेला) हुआ। विवाहित महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर एक-दूसरे को भी सिंदूर लगाया। इसके बाद मां दुर्गा की मिट्टी की प्रतिमा का विधि-विधान पूर्वक विसर्जन किया गया। वहीं इस वर्ष विशेष रूप से स्थापित की गई 15 फीट ऊंची संगमरमर की स्थायी प्रतिमा, जिसकी मूर्तिकला जयपुर के प्रसिद्ध मूर्तिकारों ने की है, की पूजा पूरे वर्ष भर नियमित रूप से की जाती रहेगी। सी स्कीम के जे के लॉन, मालवीय नगर के कालीबाड़ी और मुरलीपुरा के महावीर नगर में भी दशहरे को दुर्गा पूजा महोत्सव का विधिवत समापन हुआ। जयकारों के साथ मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का जल स्त्रोत में विसर्जन किया गया।

### गुप्त वृन्दावन धाम में विजयादशमी पर उमड़ा जनसैलाब



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

जगतपुरा स्थित गुप्त वृंदावन धाम में अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व विजयादशमी धूमधाम से मनाया गया । गुरुवार को दशहरे के दिन गुप्त वृंदावन धाम में रामलीला के मंचन के साथ रावण दहन किया गया । रावण दहन को देखने के लिए मंदिर परिसर पर जन सैलाब उमड़ पड़ा । विजयादशमी पर मंदिर परिसर में सुबह से संध्या तक विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । गुरुवार को श्री श्री कृष्ण बलराम का मनमोहक राम लक्ष्मण अलंकार किया गया , साथ ही पूरे मंदिर प्रांगण को फूलों और रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया । इस पर्व पर 40 कलाकारों ने रामलीला में भरत का विरह प्रेम का मंचन किया । जिसके पश्चात रावण दहन किया गया । इससे पूर्व भगवान की पालकी उत्सव में संकीर्तन का आयोजन हुआ । जिसमें भक्त भाव विभोर होकर नाचने लगे । गुप्त वृन्दावन धाम के अध्यक्ष अमितासना दास ने कहा की इस दशहरे हम अपने अन्दर बुराई रुपी रावण को मारने का प्रण लिया गया , विजयादशमी बुराई (अधर्म) पर अच्छाई (धर्म) की विजय का प्रतीक है। उन्होंने बताया की दशहरे उत्सव पर मंदिर में राम रामायण का पाठ का आयोजन के बाद महाआरती के बाद महोत्सव का समापन किया गया ।

# गांधी जयंती पर आम आदमी पार्टी ने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ जताया विरोध

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



महात्मा गांधी जी की 156वीं जयंती के अवसर पर आम आदमी पार्टी जयपुर टीम ने गांधी सर्किल (कनोडिया कॉलेज जयपुर) स्थित गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने देश के वरिष्ठ शिक्षाविद, पर्यावरणविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गैरकानूनी गिरफ्तारी के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदेश प्रभारी धीरज टोकस ने कहा की सोनम वांगचुक एक ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने शिक्षा, पर्यावरण और लद्दाख के अधिकारों के लिए दशकों तक संघर्ष किया है। उनकी गिरफ्तारी लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों पर सीधा प्रहार है। यह घटना दर्शाती है कि मोदी सरकार असहमति की आवाज़ों को दबाने के लिए प्रशासनिक दमन का सहारा ले रही है। आम आदमी पार्टी राजस्थान इस तानाशाही प्रवृत्ति और अलोकतांत्रिक कृत्य की कड़ी निंदा करती है और केंद्र सरकार से मांग करती है कि सोनम वांगचुक को अविलंब रिहा किया जाए तथा शांतिपूर्ण आंदोलनों का सम्मान किया जाए। आप सह प्रभारी घनेंद्र भारद्वाज ने कहा कि जब तक देश में नागरिकों की आवाज़ को दबाया जाएगा, तब तक आम आदमी पार्टी संविधान और जनतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता अमित दाधीच, जुगल किशोर शर्मा, संगीता गौड़, अमित वशिष्ठ, डॉ. सुनील दयाल, सुनील अग्रवाल, रमेश बिश्नोई, धीरेश कुमार जैन, आशुतोष रांका, अनुप चतुर्वेदी, वीरेंद्र सिंह चौधरी, मुबारक अली, राशिद हसन, डॉ. विभोर गुप्ता, विनीत शर्मा, डॉ. पुराराम सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# दलित उत्थान महा अभियान से जुड़ा एक और गांव

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुआ दलित उत्थान महा अभियान के साथ अब एक और गांव जुड़ गया हैं।

गायत्व्य रहे कि यह अभियान विगत 50 वर्ष से भी अधिक समय से एक ही स्थान पर बसे दलित गांव को स्थाई आवास दिलाने के प्रधानमंत्री के मुहिम को अमली जामा पहनाने के लिए भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी द्वारा जयपुर जिले के बगरू विधानसभा के जय जसपुरा गांव से शुरू किया गया है।

भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने बताया कि राजस्थान में लगभग 5000 से अधिक ऐसे गांव और ढाणियां है जो 50 वर्ष से भी अधिक समय से पट्टा नहीं मिल पाने के कारण विकास की मुख्य धारा नहीं पहुंच पाई है। जनसंख्या के बढ़ते दबाव एवं निरंतर महंगी होती जमीनों के चलते गरीब लोग मजबूरी में आबादी की भूमि नहीं होने के कारण कंई स्थानों पर चारागाह में तो कहीं स्थान पर जंगलात की भूमि में बसा दिए गए । अब समय आ गया हैं कि इन लोगों के बारे में प्रशासनिक स्तर पर सर्वे से लेकर इन्हें स्थाई पट्टा उपलब्ध कराने के लिए उच्च स्तर पर कार्य किया जाए।

अब समय आ गया हैं कि इन लोगों के बारे में प्रशासनिक स्तर पर सर्वे से लेकर इन्हें स्थाई पट्टा उपलब्ध कराने के लिए उच्च स्तर पर कार्य किया जाए। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी इस दिशा में अध्यादेश लाने के लिए जन समर्थन जुटा रहा हैं ताकि जो कच्ची बस्तियां, अनियमित गांव एवं ढाणियां जहां बसी हुई हैं। वहीं पर उन्हें पट्टा दिलवाया जा सके क्योंकि अधिकतर भूमि में कोई ना कोई कानूनी विवाद मौजूद हैं । ऐसे में अध्यादेश ही एकमात्र रास्ता हैं। कच्ची बस्ती मुक्त भारत अभियान को सफल करने का भी अध्यादेश ही एकमात्र साधन बचा हुआ हैं।

## महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंतीः महात्मा गांधी स्वदेश फाउंडेशन ने दी श्रद्धांजलि, लिया आदर्शों को अपनाने का संकल्प




■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी स्वदेश फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री शकील अहमद एडवोकेट एवं दी बार एसोसिएशन जयपुर के पूर्व महासचिव श्री मनोज अजमेरा एडवोकेट ने गांधी सर्किल, जयपुर में बापू महात्मा गांधी और स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सादर नमन किया। इस अवसर पर दोनों महान नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई।महात्मा गांधी स्वदेश फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री शकील अहमद एडवोकेट ने अपने वक्तव्य में कहा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलाई। उनकी शिक्षाएं आज भी हमें एकजुटता, शांति और स्वदेशी के महत्व को सिखाती हैं। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में समरसता और भाईचारा स्थापित करना चाहिए।वहीं, श्री मनोज अजमेरा एडवोकेट ने अपने वक्तव्य में कहा, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का सादगी भरा जीवन और 'जय जवान, जय किसान' का नारा देश के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उनकी ईमानदारी और समर्पण हमें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भी बापू और शास्त्री जी के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## आरटीई दाखिला विवाद मामलाःसंयुक्त अभिभावक संघ ने किया विजयादशमी पर शिक्षा मंत्री के पुतले का दहन

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



संयुक्त अभिभावक संघ के आह्वान पर विजय दशमी के पावन पर्व पर आरटीई (निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार) अधिनियम के तहत चयनित विद्यार्थियों के अभिभावकों ने शिक्षा संकुल, जेएलएन मार्ग, जयपुर पर प्रदर्शन करते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का पुतला दहन किया। इस दौरान अरविंद अग्रवाल (प्रदेश अध्यक्ष, संयुक्त अभिभावक संघ), पं. लोकेश शर्मा, इमरान कुरैशी, शुभम गुर्जर, रवि खंडेलवाल, विवेक जैन सहित बड़ी संख्या में अभिभावक प्रदर्शन में सम्मिलित हुए। इस दौरान अरविंद अग्रवाल (प्रदेश अध्यक्ष, संयुक्त अभिभावक संघ), पं. लोकेश शर्मा, इमरान कुरैशी, शुभम गुर्जर, रवि खंडेलवाल, विवेक जैन सहित बड़ी संख्या में अभिभावक प्रदर्शन में सम्मिलित हुए। अभिभावकों का आरोप है कि 9 अप्रैल 2025 को लॉटरी प्रक्रिया से चयनित हुए हजारों बच्चों का अब तक निजी विद्यालयों में दाखिला सुनिश्चित नहीं किया गया है, जिससे वे पिछले 6 महीनों से शिक्षा से वंचित हैं। पुतले पर टिप्पणी मैं भी रावण हूं, क्योंकि 6 महीने पहले मैंने आरटीई लॉटरी निकाली थी, लेकिन आज तक बच्चों का दाखिला नहीं करवा पाया। मैं गरीब और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा देने का विरोधी हूं, इसलिए निजी स्कूलों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा हूं। संघ के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू ने कहा कि शिक्षा विभाग ने अभिभावकों की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए पिछले 3 महीनों में निजी स्कूलों को 8 नोटिस और सितंबर में 46 स्कूलों को अंतिम चेतावनी जारी की, परंतु ना किसी स्कूल की मान्यता रद्द हुई, ना ही चयनित बच्चों का दाखिला सुनिश्चित किया गया। इस लापरवाही के चलते हजारों बच्चे शिक्षा से वंचित हैं और अभिभावक महीनों से भटक रहे हैं। संघ ने सरकार को आगाह किया है कि यदि जल्द ही सभी चयनित विद्यार्थियों का दाखिला सुनिश्चित नहीं किया गया, तो अगला प्रदर्शन शिक्षा मंत्री के सरकारी आवास के बाहर किया जाएगा। संघ ने इस प्रदर्शन को गांधी जयंती के अवसर पर पूर्णतः अहिंसात्मक रूप से आयोजित किया और सरकार से आग्रह किया कि वह शिक्षा के इस संवेदनशील मुद्दे पर शीघ्र ठोस कदम उठाए।

## पंच दिवसीय सद्गुरु स्वामी सर्वानंद जन्मोत्सव पर 301 कन्या भोज संपन्न

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

आस्था के पावन केंद्र श्री अमरापुर दरबार में प्रेम प्रकाश मंडल आचार्य आचार्य सतगुरु स्वामी टेऊँराम महाराज के परम शिष्य महर्षि सद्गुरु स्वामी सर्वानंद महाराज के 129 वे पंच दिवसीय जन्मोत्सव के द्वितीय दिन 301 कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें भोजन प्रसादी खिलाई गई। जिसके बाद उन्हें विभिन्न प्रकार के उपहार भेंट किए गए। संतो ने बताया कि 9 दिवसीय शक्ति की उपासना के पावन पर्व एवं जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर कन्या भोज का आयोजन किया गया।

सायकल के समय 4 से 6 बजे तक भाव प्रवाह संकीर्तन मंडल के सानिध्य में हरिनाम संकीर्तन की मधुर बाहर बही। शुक्रवार को एकादशी के पावन अवसर पर गुरुकुल के बटुक ब्राह्मण के सानिध्य में स्वस्तिवाचन पाठ, भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को 56 भोग, रविवार 5 अक्टूबर को विशाल भंडारा, दीप प्रज्वलन, बधाई गीत, रक्तदान शिविर कैंप लगाया जाएगा।

### जवाहर कला केन्द्र : 7 अक्टूबर से 28 वां लोकरंग महोत्सव का आयोजन

# एक मंच पर जुटेंगे विभिन्न राज्यों के लोक कलाकार दिखेगा देश की लोक संस्कृति का मनोरम स्वरूप, दस्तकारों के हुनर को मिलेगी पहचान

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



कला प्रेमी एक बार फिर लोक संस्कृति के रंग में रंगने को तैयार रहें। जवाहर कला केन्द्र की ओर से 7 से 17 अक्टूबर तक देश की लोक कलाओं को समर्पित 11 दिवसीय 28वें लोकरंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। भारत की मनोरम लोक संस्कृति के सौंदर्य से सराबोर करने वाले लोकरंग में राजस्थान समेत देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोक कलाकार अपनी लोक कलाओं की प्रस्तुति देंगे।

**'दस्तकारों के उत्पाद होंगे प्रदर्शित'** शिल्पग्राम में प्रातः 11 से रात्रि 10 बजे तक राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला लगेगा। इसमें दस्तकारों की ओर से हस्तशिल्प उत्पादों की स्टॉल्स लगायी जाएगी, नृत्य व गायन प्रस्तुतियां देखने के साथ आगंतुक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे।

**'गायन, वादन और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां'** राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह के अंतर्गत जेकेके स्थित शिल्पग्राम के डूंगरपुर हट के मंच पर शाम 5 से 6:30 बजे और मध्यवर्ती ओपन एयर थिएटर के मंच पर प्रतिदिन सायं 7 बजे से लोक कला से जुड़ी प्रस्तुतियां होंगी।

वहीं रात्रि 8:30 से रात्रि 10 बजे तक रात्रि लोक जागरण का आयोजन शिल्पग्राम के मुख्य मंच पर होगा। हस्तशिल्प मेले में आगंतुक सौम्य लय के मधुर गीतों का आनंद ले सकेंगे।

शहनाई-नगाड़ा वादन, बहुरूपिया, कठपुतली कला की प्रस्तुतियां दिन भर जारी रहेगी। केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक अलका मीणा ने कहा कि 28वें लोकरंग में देश की लोक संस्कृति को एक मंच पर देखने को लेकर कला अनुरागियों में काफी उत्साह है। लोकरंग को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां जा रही है।

त्योहारी सीजन में हस्तशिल्प उत्पादों की खरीद और दस्तकारों के हुनर को पहचान दिलाने के लिए शिल्पग्राम में लगने वाला हस्तशिल्प मेला प्रभावी होगा।

## पुलिस निरीक्षक एवं दलाल 50 हज़ार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) की जयपुर ग्रामीण टीम ने गुरूवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना फुलेरा के पुलिस निरीक्षक चंद्र प्रकाश यादव और उसके दलाल हैप्पी माथुर को पचास हज़ार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी जयपुर ग्रामीण को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके भाई को साइबर क्राइम की शिकायत में गिरफ्तार नहीं करने एवं मामला रफा दफा करने के लिए फुलेरा थानाधिकारी चंद्र प्रकाश यादव अपने दलाल हैप्पी माथुर (सीएलजी मेंबर एवं मोबाइल शॉप मालिक) के माध्यम से 70 हज़ार रूपये की मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी जयपुर ग्रामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिहाग के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पुलिस निरीक्षक चंद्र प्रकाश यादव और उसके दलाल हैप्पी माथुर को 50 हज़ार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपित दलाल हैप्पी माथुर द्वारा 20 हज़ार रूपये रिश्वत के रूप में पूर्व में ही वसूल कर लिये थे।

### आखर में होगा कथूं-अ थ पुस्तक का विमोचन

## 4 अक्टूबर को 'आखर' में लेखक डॉ राजेश कुमार व्यास होंगे रूबरू

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन और प्रभा खेतान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में होने वाले कार्यक्रम आखर में लेखक डॉ. राजेश कुमार व्यास की पुस्तक कथूं-अकथ का विमोचन किया जायेगा। साथ ही, लेखक डॉ राजेश कुमार व्यास की साहित्यिक यात्रा पर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी उनके साथ संवाद करेगें। यह कार्यक्रम शनिवार, 4 अक्टूबर 2025 को शाम 4.30 बजे होटल आईटीसी राजपूताना में आयोजित किया जायेगा। साथ ही, लेखक डॉ राजेश कुमार व्यास की साहित्यिक यात्रा पर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी उनके साथ संवाद करेगें। यह कार्यक्रम शनिवार, 4 अक्टूबर 2025 को शाम 4.30 बजे होटल आईटीसी राजपूताना में आयोजित किया जायेगा। आखर में इससे पहले भी राजस्थानी भाषा के साहित्यकारों आईदान सिंह भाटी, तेजसिंह जोधा, मधु आचार्य, सत्यदेव संवितेंद्र, मनोहर सिंह राठौड़, जितेन्द्र कुमार निर्मोही, उपेंद्र अणु, कृष्ण कल्पित, गजादान चारण सहित अनेक



साहित्यकारों से संवाद किया जा चुका है।

कला, संस्कृति और भारतीय परंपराओं पर राजस्थानी और हिन्दी दोनों भाषाओं में अपनी लेखनी चलाने के लिए डॉ. राजेश कुमार व्यास को अनेक सम्मान मिल चुके हैं। केन्द्रीय साहित्य अकादमी का सर्वोच्च सम्मान उनकी पुस्तक 'कविता देवै दीठ' के लिए मिला है। कला, संस्कृति और भारतीय परंपराओं पर राजस्थानी और हिन्दी दोनों भाषाओं में अपनी लेखनी चलाने के लिए डॉ. राजेश कुमार व्यास को अनेक सम्मान मिल चुके हैं। केन्द्रीय साहित्य अकादमी का सर्वोच्च सम्मान उनकी पुस्तक 'कविता देवै दीठ' के लिए मिला है।

डॉ. व्यास को इसके पूर्व राजस्थानी भाषा, साहित्य और संस्कृति अकादमी के 'गणेशीलाल व्यास उस्ताद 'पद्य' पुरस्कार के साथ ही भारत सरकार का प्रतिष्ठित 'राहुल सांकृत्यायन' पुरस्कार, राजस्थान सरकार की ओर से उत्कृष्ट लेखन पुरस्कार और राजस्थान भाषा विभाग से 'भाषा सेवी' सम्मान भी मिल चुका है।

डॉ. व्यास की हिन्दी और राजस्थानी साहित्य की विभिन्न विधाओं में अब तक 20 से अधिक कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं। इनमें राजस्थानी कविता संग्रह 'जी रैयो मिनख', 'कविता देवै दीठ' और 'दीठ रै पार' काफ़ी लोकप्रिय रहे हैं। इसके अलावा 'राजस्थानी की कालजयी कहानियां' का भी उन्होंने कथाकार यादवेन्द्र शर्मा 'चन्द्र' के साथ सम्पादन किया था। दूरदर्शन पर प्रसारित राजस्थानी साहित्यिक कार्यक्रम 'मरूधरा' का भी उन्होंने लंबे समय तक संचालन किया। नेशनल बुक ट्रस्ट, इण्डिया से प्रकाशित उनके दो यात्रा वृतान्त 'कश्मीर से कन्याकुमारी' और 'नर्मदे हर' लोगों के द्वारा बहुत सराहे गए हैं।

## रावण दहनः कहीं 50 तो कहीं 105 फीट के दशकंधर का हुआ दहन

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

बुराई के प्रतीक रावण के पुतले गुरुवार को अट्टहास करते हुए जला। राजधानी में सैंकड़ों स्थानों पर रावण दहन किया गया। एक दर्जन से अधिक स्थानों पर रावण के पचास से एक सौ इस फीट तक के पुतलों का दहन किया गया। छोटीकाशी में गुरुवार को आदर्शनगर, विद्याधरनगर, न्यूगेट स्थित राम लीला मैदान, शास्त्री नगर में राष्ट्रपति मैदान, झोटवाड़ा में नांगल जैसा बोहरा, कालवाड़ रोड, प्रतापनगर, सांगानेर सहित सैकड़ों स्थानों पर रावण के पुतले धूमधाम से जलाए गए। लोगों ने परिवार सहित रावण दहन के दृश्य का आनंद लिया। कई स्थानों पर दशहरा मेलों का आयोजन हुआ, जहां खाने-पीने और बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले एवं स्टॉल्स का विशेष प्रबंध किया गया। विद्याधर नगर स्टेडियम में रावण दहन से पूर्व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। यहां करीब सौ फीट का रावण दहन किया गया। आदर्शनगर दशहरा मैदान में 105 फीट ऊंचे रावण और 90 फीट ऊंचे कुंभकरण के पुतलों का दहन हुआ। रावण दहन से पूर्व रंगीन आतिशबाजी का नजारा देखने को मिला। नियाग्रा फॉल्स जैसे झरने, स्टार वार जैसी झलक और आकाश में धूमकेतु, चमकीली अशरफियां और फूलों की वर्षा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही भगवान श्रीराम के



स्वरूप ने रावण की नाभि में अग्निबाण छोड़ा, रावण धू-धू कर जल उठा। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारों के बीच इस ऐतिहासिक दृश्य का आनंद लिया। इसके बाद राम मंदिर में भगवान श्रीराम का राजतिलक सम्पन्न हुआ।

**'यहां भी धाराशायी हुआ अहंकार'** न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान में 51 फीट का रावण का दहन किया गया। रामलीला मंचन के दौरान राम बने पात्र ने रावण की नाभि में अग्निबाण छोड़ा तो रावण धू धू जलने लगा।

**'प्रतापनगर में जला गोकाष्ठ का रावण'** प्रताप नगर विकास समिति की ओर से प्रतापनगर में कुंभा मार्ग पर इस बार पहली बार गोकाष्ठ से बने रावण का दहन किया गया। रावण दहन से पूर्व शानदार आतिशबाजी ने लोगों को रोमांचित किया। समिति के अध्यक्ष गोपीचंद गुर्जर, महासचिव ओमप्रकाश बाहेती ने बताया कि 51 फीट लंबा रावण देसी नस्ल की गाय के गोबर और अनुपयोगी चारे से बनाया गया।। इस मौके पर अनिल बनेठा वाले और गायक राजीव विजयवर्गीय को सम्मानित किया गया। शास्त्री नगर, झोटवाड़ा, मुरलीपुरा, कालवाड़ रोड, सांगानेर सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी विजयादशमी पर्व पर रावण दहन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। अनेक स्थानों पर दशहरा मेलों का आयोजन कर श्रद्धालुओं के लिए खान-पान और मनोरंजन के विशेष इंतजाम किए गए।

**'राम-लक्ष्मण के रूप में हुआ कृष्ण-बलराम का श्रृंगार'** अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व विजयादशमी गुप्त वृन्दावन धाम में बड़े ही भव्य और आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। सुबह से देर रात तक धार्मिक उत्सव का उल्लास छाया रहा।मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। श्री कृष्ण बलराम का राम-लक्ष्मण के रूप में मनमोहक श्रृंगार किया गया। नाम रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और संकीर्तन के बीच श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इस अवसर पर 40 कलाकारों ने रामलीला मंचन किया जिसमें 'भरत का विरह प्रेम' प्रसंग ने सभी को भावुक कर दिया। इसके बाद परंपरागत रूप से रावण दहन किया गया। कार्यक्रम में भगवान की पालकी उत्सव यात्रा भी निकाली गई। भक्तगण संकीर्तन पर झूमते-नाचते दिखाई दिए।

**'गुप्त वृन्दावन धाम में विजयादशमी पर उमड़ा जनसैलाब'** जगतपुरा स्थित गुप्त वृंदावन धाम में अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व विजयादशमी धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार को दशहरे के दिन गुप्त वृंदावन धाम में रामलीला के मंचन के साथ रावण दहन किया गया। रावण दहन को देखने के लिए मंदिर परिसर पर जन सैलाब उमड़ पड़ा। विजयादशमी पर मंदिर परिसर में सुबह से संध्या तक विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गुरुवार को श्री श्री कृष्ण बलराम का मनमोहक राम लक्ष्मण अलंकार किया गया, साथ ही पूरे मंदिर प्रांगण को फूलों और रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया। इस पर्व पर 40 कलाकारों ने रामलीला में भरत का विरह प्रेम का मंचन किया। जिसके पश्चात रावण दहन किया गया।

इससे पूर्व भगवान की पालकी उत्सव में संकीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें भक्त भाव विभोर होकर नाचने लगे।गुप्त वृन्दावन धाम के अध्यक्ष अमितासना दास ने कहा की इस दशहरे हम अपने अन्दर बुराई रुपी रावण को मारने का प्रण लिया गया, विजयादशमी बुराई (अधर्म) पर अच्छाई (धर्म) की विजय का प्रतीक है। उन्होंने बताया की दशहरे उत्सव पर मंदिर में राम रामायण का पाठ का आयोजन के बाद महाआरती के बाद महोत्सव का समापन किया गया।

## गांजा सप्लायर चढा पुलिस के हत्थे






■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

मानसरोवर थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की सप्लाई करने वाले सप्लायर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 330 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा और गांजा परिवहन में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) जयपुर राजर्षि राज ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की सप्लाई करने वाले सप्लायर रोहित (21) निवासी झुन्झनू को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 330 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा और गांजा परिवहन में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस आरोपित तस्कर से अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीद–फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

## पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के बाद 351 कन्या-बटुकों का किया पूजन



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के तत्वावधान में दादी का फाटक मुरलीपुरा के श्री राधा कृष्ण शिव मंदिर में विजयादशमी पर शस्त्र पूजन किया गया। सालासर बालाजी के महंत डॉ. विष्णुदत्त पुजारी के सान्निध्य में विभिन्न शस्त्रों का पूजन किया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों को आत्म रक्षा और पीड़ितों की मदद के लिए अस्त्र-शस्त्र संचालन, कानूनी औपचारिका पूरी कर घर पर कोई न कोई हथियार रखने का संकल्प कराया। विष्णु दत्त पुजारी ने उपस्थित बच्चों को गायत्री महामंत्र का जप करने का भी आह्वान किया। शारदीय नवरात्र की पूर्णाहुति पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में आहुतियां प्रदान की गई। आचार्य पीठ से महेन्द्र कुमार और उमाशंकर खंडेलवाल ने कहा कि दुष्टता और उदंडता को आठ तरह के बल से ही जीता जा सकता है। साढ़े तीन सौ से अधिक कन्या-बटुकों का पूजन कर स्कूल बैग, स्टेशनरी किट, फल, दक्षिणा भेंट की गई। प्रारंभ में श्री राधा कृष्ण शिव मंदिर के महंत श्याम सुंदर चतुर्वेदी ने देवी-देवताओं का विधिवत रुप से पूजन किया। समाजसेवी प्रकाश चंद लखेरा, सुनीता देवी लखेरा, गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के मनु महाराज ने महंत डॉ. विष्णुदत्त पुजारी का माला, शॉल, दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया।

## हनुमान चालीसा 108 सामूहिक महापाठ पूर्व की गई भूमि पूजन कर की ध्वज स्थापना



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

चार अक्टूबर को होने वाले श्री हनुमान चालीसा 108 सामूहिक महापाठ की पूर्व तैयारी के रूप में अजमेर रोड स्थित द हेरिटेज रिसॉर्ट्स में गुरुवार को भक्ति और उल्लास के वातावरण में भूमि पूजन एवं ध्वज स्थापना की गई। पूरे परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और जयकारों की गूंज के बीच भूमि पूजन और ध्वज स्थापना की गई। श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी गरिमामयी बना दिया। प्रत्येक साधक को विशेष पूजा आसन प्रदान किया जाएगा। सभी साधकों को काउंटिंग मशीन उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे अपनी गिनती का सही-सही ध्यान रख सकें। प्रत्येक श्रद्धालु को श्री हनुमान चालीसा का अर्थ सहित संस्करण भी प्रदान किया जाएगा। दोपहर 2:30 बजे 108 बार श्री हनुमान चालीसा सामूहिक महापाठ का शुभारंभ होगा।

## जयपुर में 'स्वयंसिद्धा' हस्तशिल्प प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया उद्घाटन






■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

जवाहर कला केंद्र, जयपुर में गुरुवार को लघु उद्योग भारती की महिला इकाई की ओर से आयोजित स्वयंसिद्धा हस्तशिल्प प्रदर्शनी 2025 का भव्य उद्घाटन उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रदेशभर से आए प्रतिभाशाली शिल्पकारों, कुटीर उद्योगों और महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों व कलाकृतियों की सराहना की। उन्होंने हस्तशिल्पकारों से संवाद भी किया और उनके प्रयासों को सराहा। प्रदर्शनी में उन्होंने स्वदेशी उत्पाद खरीदकर डिजिटल माध्यम से (यूपीआई) भुगतान कर 'डिजिटल इंडिया' को भी बढ़ावा दिया। दीया कुमारी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन की सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी आर्थिक भागीदारी बढ़ाने और लोकल हुनर को ग्लोबल पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। 'स्वदेशी से समृद्धि' की दिशा में यह प्रदर्शनी एक सशक्त प्रयास है।इसके साथ ही दीया कुमारी ने राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद द्वारा आयोजित सुमंगल दीपावली मेले का भी निरीक्षण किया।

दुकानदारों से आत्मीय भाव के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि सभी का हुनर एक ही जगह दिख सके इसके लिए स्थाई रूप से जगह देने का प्रयास भी किया जाएगा ताकि इनको परेशान नहीं होना पड़ेगा। जगतपुरा महिला इकाई अध्यक्ष वैशाली वशिष्ठ ने बताया कि लघु उद्योग भारती महिला इकाई की ओर तीन दिवसीय स्वयं सिद्धा प्रदर्शनी का उद्घाटन जवाहर कला केंद्र जयपुर में आयोजित किया गया है। इस प्रदर्शनी में 70 से अधिक महिला उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रथम बार प्रदर्शन किया है। जहां केंद्रीय इकाई की उपाध्यक्ष संतोष पुरोहित ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते कहा कि यह प्रदर्शनी महिला इकाइयों द्वारा प्रतिवर्ष .किए जाने वाली प्रदेशनियों की श्रृंखला में नई कड़ी है।

लघु उद्योग भारती जगतपुरा इकाई की अध्यक्षा वैशाली वशिष्ठ ने बताया कि जयपुर में लगभग 700 से अधिक महिलाएं लघु उद्योग भारती के माध्यम से स्वयंसिद्धा से जुड़कर अपने उद्योगों को आगे बढ़ा रही हैं। साथ ही लघु उद्योग भारती कौशल विकास केंद्र में निरंतर कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। लघु उद्योग भारती की विद्याधर इकाई की ओर से खुशी अग्रवाल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के संयुक्त महासचिव नरेश पारीक, प्रदेश महासचिव सुधीर गर्ग, प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र खुराना तथा जयपुर प्रांत की अध्यक्ष एवं महासचिव सुनीता शर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इसके अलावा शाम को महिलाओं को स्वास्थ्य के लिए विशेष जानकारी से अवगत कराने के लिए एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें की जयपुर की प्रमुख महिला चिकित्सकों एवं विशेषों द्वारा मेला में होने वाले कैंसर एवं अन्य रोगों के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन संतोष पुरोहित द्वारा किया गया एवं प्रश्नोत्तरी वैशाली वशिष्ठ द्वारा संचालित की गई। इसके बाद रावण दहन का कार्यक्रम इको फ्रेंडली पद्धति से किया गया।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

बगरू थाना इलाके में शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। अविवाहित होना बताकर आरोपित ने दोस्ती कर शादी के लिए प्रपोज किया और फिर देहशोषण करता रहा। इस दौरान युवती का गर्भवती होने का पता चलने पर आरोपित उसे छोड फरार हो गया। इस संबंध में पीडिता थाने पहंची और मामला दर्ज करवाया।पुलिस ने बताया कि बगरू की रहने वाली युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात आरोपित से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपित ने उससे दोस्ती कर ली। मिलने-जुलने पर खुद को अविवाहित होना बताकर शादी करने के लिए प्रपोज किया। आरोप है कि मार्च-2025 में मिलने आने पर अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर शादी करने का वादा कर उसके साथ दुष्कर्म किया।शादी करने का झांसा देकर आरोपित ने उसका देह शोषण किया। देहशोषण के दौरान गर्भवती होने का पता चलने पर आरोपी उसे छोड़कर भाग निकला। धोखे का एहसास होने पर पीड़ित युवती ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

**'कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म'** वहीं जवाहर सर्किल थाना इलाके में परिचित युवक ने मिलने के बहाने युवती के घर आया और फिर धोखे से नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान आरोपित ने मोबाइल में अश्लील वीडियो बना लिए। विरोध करने पर अश्लील फोटो-वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। इस संबंध में पीडिता की ओर से मामला दर्ज करवाया।पुलिस ने बताया कि जवाहर सर्किल की रहने वाली युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि परिचित होने के कारण आरोपित से बातचीत होने के साथ ही घर पर आना-जाना था। आरोप है कि घर पर अकेला होने के दौरान आरोपित परिचित मिलने के बहाने आया था। मिलने आने पर अपने साथ खाने-पीने का सामान भी लेकर आया था। कोल्ड ड्रिंक में नशीली पदार्थ मिलाकर धोखे से उसे पिला दिया। बेहोशी की हालत में आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि घर पर अकेला होने के दौरान आरोपित परिचित मिलने के बहाने आया था। मिलने आने पर अपने साथ खाने-पीने का सामान भी लेकर आया था।

कोल्ड ड्रिंक में नशीली पदार्थ मिलाकर धोखे से उसे पिला दिया। बेहोशी की हालत में आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म कर अपने मोबाइल में अश्लील फोटो-वीडियो बना लिए। होश आने पर विरोध करने पर अश्लील फोटो-वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। बदनाम करने की धमकी देकर आरोपी चला गया। पीड़िता ने आरोपी परिचित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

## चोरी हुए दस्तावेजों से उठाया लोन

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

लाल कोठी थाना इलाके में एक चोरी ने चोरी के बाद दस्तावेजों से लोन उठाने का मामला सामने आया है। बैंक में जाने के बाद बस कंडक्टर का लोन किस्त नहीं चुकाने पर सिविल कम होना पाया गया। हालांकि उसने कभी लोन नहीं लिया था, लेकिन करीब दो साल पहले लो-फ्लोर बस में ड्यूटी के दौरान कंडेक्टर का बैग चोरी हो गया था।

जिसमें उसके दस्तावेज भी थे। जिसके बाद पीड़ित बस कंडक्टर ने थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी प्रकाश राम विश्नोई ने बताया कि भरतपुर के डीग निवासी जयसिंह ने मामला दर्ज करवाया है कि वह जेसीटीएसएल बगराना डिपो आगरा रोड की लो-फ्लोर बस में कंडक्टर के पद पर कार्यरत हैं। वह 30 अगस्त 2023 को लो-फ्लोर बस पर ड्यूटी पर थे। जयपुर सेंट्रल जेल के पास ड्यूटी के दौरान कंडेक्टर जयसिंह का बैग चोरी हो गया था। चोरी हुए बैग में उनका आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य दस्तावेज रखे हुए थे। जिसके बाद उन्होंने बैग चोरी होने का मामला लालकोठी थाने में दर्ज करवाया।

पीड़ित कंडेक्टर के बैंक लोन लेने पहुंचने पर सिविल कम होने का पता चला। सिविल कम होने की जानकारी लेने पर किसी अन्य व्यक्ति के मोबाइल पर लोन लेने की बात सामने आई। लोन की किश्तें जमा नहीं करने के कारण सिविल कम हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## विजयादशमी पर मंत्रोच्चार के साथ हुआ शस्त्र पूजन

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

विजयादशमी पर छोटीकाशी में विभिन्न स्थानों पर शस्त्र पूजन के आयोजन हुए। सिटी पैलेस में पूर्व राजपरिवार के सदस्यों ने शस्त्र पूजन किया। राजपूत सभा भवन में समाज के लोगों ने मंत्रोच्चार के साथ शस्त्र पूजन किया।

चांदपोल स्थित श्री रामचंद्र जी मंदिर में विजय दशमी (दशहरा पर्व) पर परंपरागत शस्त्र पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने धनुष, बाण, तलवार, खड्ग, कटार, नख, भाला, गदा, बंदूक, फरसा सहित विभिन्न शस्त्रों का पूजन किया गया। 10 किलो चांदी से बना धनुष आकर्षण का



केन्द्र रहा। ठाकुर जी के राजसी दरबार का श्रृंगार किया गया। पूजन के अवसर पर मंदिर में रजवाड़ी पोशाक में श्री ठाकुर जी का राजसी दरबार सजाया गया। शस्त्रों में 1882 में माजी साहब गुलाब कंवर द्वारा भेंट किया गया 10 किलो का धनुष, लगभग 8 किलो वजनी दो धारी खड्ग, नरेश माधो सिंह द्वारा भेंट की गई 5 किलो वजनी चांदी की तलवार, तथा राजा भवानी सिंह द्वारा भेंट की गई सूर्य चिन्ह अंकित काठ की बंदूक प्रमुख रूप से प्रदर्शित की गई। इसके अलावा 10 फीट के भाले, सिंहमुख गदा, चांदी मंडित लठ सहित अन्य शस्त्रों का भी पूजन किया गया। वर्षभर ये शस्त्र शस्त्रागार में सुरक्षित रहते हैं और केवल विजयादशमी पर ही ठाकुर जी के दरबार में सजाए जाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर हवाई आतिशबाजी हुई। मंदिर भक्त समाज ने बधाई उत्सव मनाया। वातावरण जयकारों और श्रद्धा भाव से गूंज उठा।

### आरोपियों से तीन आईफोन जब्त, दो नशेडी गिरफ्तार

## लाखों रुपए के मोबाइल चोरी की वारदात का पर्दाफाशनशेडियों ने दिया वारदात को अंजाम

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

विधायकपुरी थाना पुलिस ने 11 लाख रुपए के आईफोन चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो नशेडियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अब तक तीन आईफोन बरामद किए है। पुलिस आरोपियों से चोरी की अन्य वारदातों को लेकर गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। संभावना जताई जा रहीं है कि आरोपियों ने अन्य वारदातों का खुलासा हो सकता है।पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षिराज ने बताया कि गत 14 सितम्बर को परिवादी योगेश गुरनानी ने मामला दर्ज कराया था कि विराट ट्रैवल्स के माध्यम से उसने हनुमानगढ़ से 11 आई फोन मोबाइल एक पार्सल के माध्यम से जयपुर मंगवाए थे। विराट ट्रैवल्स के ऑफिस पर पार्सल लेने गया था पता चला पार्सल नहीं है। जिसके बाद पीड़ित ने मोबाइल पार्सल चोरी का



आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

**'पीड़ित की मदद से पकड़े गए तीनों चोरी के मोबाइल'** पीड़ित योगेश ने मोबाइल के बील में अंकित ईएमआई नंबर व मोबाइल नंबर्स को ट्रेसिंग पर लगवाया। ट्रेकिंग रिकॉर्ड के आधार पर पुलिस ने तीन आई फोन को ट्रेक कर दोनो आरोपी मोहसिन खान (33) उर्फ खालिक पुत्र नवाब खां नाहरी का नाका ,शास्त्री नगर निवासी व शादाब (23)उर्फ दानिश पुत्र अनवर हुसैन व्यास कॉलोनी,शास्त्री नगर निवासी को गिरफ्तार कर लिया।

**'नशे में देते थे वारदात को अंजाम'**पुलिस पूछताछ में सामने आया है की नशे की लत की पूर्ति करने के लिए दोनो नकबजन चोरी की वारदात को अंजाम देते है।

भीड़ -भाड़ वाली जगहे जैसे बस स्टेण्ड ,ऑटो स्टेण्ड पर रखे सामान और पार्सल की दोनो 15 से 20 मिनट तक रैकी करते है और आसपास का माहौल देख पार्सल ,सामान चोरी कर फरार हो जाते है। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनो नकबजन राह चलते लोगों को खुद का बताते हुए सस्ते दामों में बेच देते है।

## गुप्त वृन्दावन धाम में भक्तों ने देखा भरत का विरह प्रेम, 'जय श्री राम' से हुआ पूरा धाम परिसर गुंजायमान



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

गुप्त वृन्दावन धाम में विजयादशमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। जैसे ही भगवान् श्रीराम ने रावण दहन के लिए अपना बाण चलाया वैसे ही वहाँ पर मौजूद भक्तों ने 'जय श्री राम' के नारों के साथ पूरे धाम को गुंजायमान कर दिया। मंदिर में दशहरे का पर्व बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया। जिसमे पूरे शहर से हज़ारों लोगों ने भाग लिया और पावन पर्व पर श्री श्री कृष्ण बलराम का आशीर्वाद लिया। विजयादशमी पर गुप्त वृन्दावन धाम में भगवान् का विशेष राम लक्ष्मण अलंकार किया गया, पूरे मंदिर परिसर को रौशनी और फूलों से सजाया गया। दशहरे के दिन गुप्त वृन्दावन धाम में रामलीला के मंचन के साथ रावन दहन हुआ। जिसे देखने के लिए पूरे शहर से जनसैलाब उमड़ पड़ा। राम लीला में 40 कलाकारों द्वारा 'भरत का विरह प्रेम' का मंचन किया गया, भक्त कलाकारों के जीवंत अभिनय को देखकर सभी भाव विभोर हो गए। गुप्त वृन्दावन धाम में भक्तों के लिए दशहरे उत्सव का आयोजन किया गया जिसमे सुबह से संध्या तक मंदिर मे विशेष कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। दशहरे उत्सव मंदिर में नाम रामायण का पाठ हुआ।

मुख्यमंत्री ने सहकार सदस्यता अभियान का किया शुभारम्भ

# देश सहकार से समृद्धि की लिख रहा नई कहानी सहकार सदस्यता अभियान में महिलाओं एवं युवाओं को जोड़ा जाएगा : मुख्यमंत्री




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रयासों से देश सहकार से समृद्धि की नई कहानी लिख रहा है। उनके मार्गदर्शन में हमारी सरकार सहकारिता की शक्ति से प्रदेश की प्रगति को नया आयाम प्रदान कर रही है। इसी दिशा में 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सहकारिता से जोड़ने के लिए सहकार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें विशेष रूप से महिलाओं एवं युवाओं को जोड़ा जाएगा। शर्मा गुरुवार को कांस्टीट्यूशन क्लब में सहकार सदस्यता अभियान के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लगभग 8 हजार 300 पैक्स स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान में 5 विभागीय गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। साथ ही, सहकारी समितियों की संख्या में 10 प्रतिशत वृद्धि करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पैक्स विहीन 2 हजार 158 ग्राम पंचायतों में नवीन पैक्स एवं जिन ग्राम सेवा सहकारी समितियों के पास गोदाम बनाने के लिए भूमि नहीं है, उन्हें भूमि आवंटन का कार्य भी किया जाएगा। हमारी सरकार सहकारिता से जुड़ने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए दलहन, मसालों आदि को भी इससे जोड़ने का प्रयास करेगी।

### सहकारिता से गांव-गांव और जन-जन हो रहा सशक्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारिता में सभी व्यक्ति सामाजिक और सांस्कृतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मिलकर काम करते हैं। यह गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। सहकारिता के माध्यम से राजस्थान का गांव-गांव और जन-जन सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमने लगभग 77 लाख से अधिक किसानों को 42 हजार 765 करोड़ रुपये के अल्पकालीन ब्याज मुक्त फसली ऋण, 2 लाख 48 हजार नए कृषकों को 433 करोड़ रुपये के फसली ऋण, 30 हजार से अधिक लाभार्थियों को 260 करोड़ रुपये के आजीविका ऋण वितरित किए है। साथ ही, अन्न भंडारण योजना के तहत गंगानगर जिले के घमूड़वाली पैक्स में गोदाम, प्रसंस्करण यूनिट और कस्टम हायरिंग केंद्र शुरू किए हैं। इसी तरह, सहकारी बैंको द्वारा करीब 7 हजार किसानों तथा लघु उद्यमियों को 246 करोड़ रुपये के दीर्घकालीन ऋण भी वितरित किए गए हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने सहकारिता को बनाया विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना कर इसे देश के विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनाया। वहीं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा किसानों को 6 हजार रुपये हर साल दिए जाते हैं।
प्रदेश में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 76 लाख से अधिक किसानों को अब तक 7 हजार 54 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अतिरिक्त 3 हजार रुपये प्रतिवर्ष सम्मान राशि दे रही है। इसके तहत किसानों को अब तक 1 हजार 355 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई है।

### केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने 'सहकार से समृद्धि' को उतारा धरातल पर

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र को धरातल पर उतारने के लिए अनेक क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। सहकारिता मंत्रालय ने पिछले चार वर्षों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, डेयरी, मत्स्य, सहकारी बैंकों, चीनी सहकारी संस्थाओं और सहकारी शासन प्रणाली को सशक्त बनाने के लिए 100 से अधिक पहलें की हैं। पैक्स को राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर नेटवर्क के माध्यम से कम्प्यूटरीकृत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक पंचायत और गांव में दो लाख से अधिक बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां पांच वर्षों में गठित किए जाने का कार्य किया जा रहा है। सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी विकेंद्रीकृत अन्न भंडारण योजना के तहत पैक्स स्तर पर गोदाम और अन्न भंडारण केंद्र का निर्माण किया जा रहा है।

### किसानों की आर्थिक समृद्धि का आधार है पशुपालन

शर्मा ने कहा कि पशुपालन किसानों की आर्थिक समृद्धि का आधार होता है। इनके लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना संचालित की जा रही है। इसके जरिए डेयरी से संबंधित गतिविधियों के लिए 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त अल्पकालीन ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सा के लिए प्रदेश में मोबाइल वेटरनरी यूनिट संचालित की जा रही हैं। किसानों को सौर ऊर्जा के माध्यम से अन्नदाता से ऊर्जादाता बनाने का काम किया गया है। प्रदेश में पेयजल एवं सिंचाई के लिए राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता एवं देवास परियोजना के विस्तार को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पांच वर्ष में 4 लाख सरकारी नौकरियों के लक्ष्य की प्राप्ति में 91 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए हैं। पशुपालन एवं डेयरी व गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि सहकारिता का भाव 'एक सब के लिए, सब एक के लिए' में निहित होता है। सहकार सदस्यता अभियान के तहत डेयरी क्षेत्र में लक्ष्य से ज्यादा नए सदस्य बनाए जाएंगे। इस अभियान में अधिक से अधिक महिलाओं को सदस्य बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डेयरी सेक्टर को मजबूत बनाने के लिए लगभग 700 करोड़ रुपये से अधिक की बजट सौगातें दी हैं। आरसीडीएफ द्वारा दूध से बनने वाले उत्पादों में वृद्धि के साथ ही शुद्धता और गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखा जा रहा है।
इसीलिए सरस के विभिन्न उत्पादों की डिमांड में निरंतर वृद्धि हो रही है। सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में सहकारिता गतिविधियों में गति आई है। केन्द्रीय सहकारिता विभाग के नवाचारों को अपनाकर उनके क्रियान्वयन की सफलता से राजस्थान देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों को सम्मान निधि देने का कार्य किया। वहीं, प्रदेश में भी राज्य सरकार ने प्रथम बजट में ही मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि देने की शुरूआत की।

## न्यूज़ ब्रीफ

### उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद ने किया श्रमदान



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने अहिंसा, सत्य एवं स्वच्छता के प्रणेता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर गुरूवार को अपने राजकीय आवास पर स्वच्छता श्रमदान किया।
उपमुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेकर इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने आमजन से अपने घर, कार्यालय, प्रतिष्ठानों को स्वच्छ रखने एवं अपने आस-पास के लोगों को भी स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सभी सामूहिक प्रयासों से स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकते हैं।

### सिंदूर खेला के साथ बंगाली समाज का दुर्गा पूजा महोत्सव सम्पन्न



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

विजया दशमी पर राजधानी में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव गुरुवार को सिंदूर खेला के साथ संपन्न हुए। विवाहित महिलाओं ने माँ दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर एक-दूसरे को भी सिंदूर लगाया। बनीपार्क स्थित दुर्गाबाड़ी में सुबह सिंदूर उत्सव (सिंदूर खेला) हुआ। विवाहित महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर एक-दूसरे को भी सिंदूर लगाया। इसके बाद मां दुर्गा की मिट्टी की प्रतिमा का विधि-विधान पूर्वक विसर्जन किया गया। वहीं इस वर्ष विशेष रूप से स्थापित की गई 15 फीट ऊंची संगमरमर की स्थायी प्रतिमा, जिसकी मूर्तिकला जयपुर के प्रसिद्ध मूर्तिकारों ने की है, की पूजा पूरे वर्ष भर नियमित रूप से की जाती रहेगी। सी स्कीम के जे के लॉन, मालवीय नगर के कालीबाड़ी और मुरलीपुरा के महावीर नगर में भी दशहरे को दुर्गा पूजा महोत्सव का विधिवत समापन हुआ। जयकारों के साथ मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का जल स्त्रोत में विसर्जन किया गया।

### गांधी जयंती के अवसर पर निदेशालय आई.सी.डी.एस. में आयोजित हुआ स्वच्छता अभियान



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्य सरकार के निर्देशानुसार गांधी जयंती के अवसर पर सेवा पर्व 2025 (17 सितम्बर -02 अक्टूबर 2025) के तहत आई.सी.डी.एस. निदेशालय में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। निदेशक आई.सी.डी.एस. वासुदेव मालावत के निर्देशन में वित्तीय सलाहकार, पदमचन्द, उप निदेशक (प्रशिक्षण), बनवारीलाल सिनसिनवार एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारियों ने निदेशालय परिसर में साफ-सफाई की, मुख्यालय में अनुपयोगी एवं अप्रचलित सामान को हटवाया गया। निदेशक ने ऐसी अनुपयोगी सामग्री का चिन्हीकरण कर उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये।

### गांधी जयंती पर यातायात पुलिस से जुड़े 25 ट्रेफिक मार्शल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

गांधी जयंती के अवसर पर यातायात पुलिस से जुड़े 25 ट्रफिक मार्शल जोड़े जाने के निर्देश जारी किए गए । पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने पुलिस जन -सहभागिता कार्यक्रम के तहत नए ट्रेफिक मार्शल जोड़े जाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात एवं प्रशासन योगेश दाधीच के नेतृत्व में पुलिस उपायुक्त सुमित मेहरड़ा के सानिध्य में गुरुवार को गांधी जयंती के अवसर पर यातायात व्यवस्था में सहयोग के लिए वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने व जागरुक करने के लिए ट्रेफिक मार्शल के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों का निरीक्षण कर 25 ट्रेफिक मार्शल को नियुक्त कर ट्रेफिक मार्शल के साथ बैठक आयोजित की।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर कांग्रेस मुख्यालय में कार्यक्रम, डोटासरा ने भाजपा पर साधा निशाना

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इंदिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर में सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में पं. गिरिराज बालोरिया ने भजन प्रस्तुत किए, सरदार मनिन्दर सिंह बग्गा ने गुरुवाणी, फादर विजय पॉल ने बाइबल और कारी अब्दुल रशीद ने कुरान की आयतें पढ़ीं। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस पार्टी के विधायक, प्रत्याशी, पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने गांधीजी और शास्त्रीजी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।
सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम के उपरांत मीडिया से बातचीत में प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा



कि कांग्रेस पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती यूपीए सरकार और राज्य की कांग्रेस सरकार ने गांधीजी की भावनाओं के अनुरूप अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की थीं, लेकिन भाजपा सरकार ने इन्हें ठंडे बस्ते में डालकर जनता के हितों पर कुठाराघात किया है।डोटासरा ने आरोप लगाया कि आरएसएस शिक्षा के मंदिरों में शस्त्र पूजन कर रही है, जो गलत है। शिक्षा के मंदिरों में केवल शिक्षा होनी चाहिए, न कि शस्त्रों की पूजा। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी इसका विरोध करते हैं तो उन पर शस्त्रों से हमला कर घायल किया जाता है और पुलिस में उनकी रिपोर्ट तक दर्ज नहीं होती। कई छात्र गंभीर रूप से घायल हैं और उनके शरीर पर हथियारों के घाव के निशान साफ दिखाई देते हैं।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्श आज भी प्रासंगिक, शास्त्री के योगदान को भी नमन : राठौड़

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान में भाग लिया। राठौड़ ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया तथा रेलवे स्टेशन स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राठौड़ ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके दिखाए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आगे ले जाना है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को भी याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया। शास्त्री जी ने देश को नारा दिया था जय जवान, जय किसान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस नारे पर कार्य करते हुए देश के जवानों तथा किसानों को सशक्त और मजबूत करने का कार्य किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मीडिया से बातचीत के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना को लेकर कहा कि 1925 में विजयदशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा नागपुर में लगाए गए संघ के पौधे ने आज वटवृक्ष का रूप ले लिया है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज दुनिया का सबसे शक्तिशाली गैर-सरकारी संगठन बन चुका है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी संघ के स्वयंसेवक हैं, जिन्होंने संघ से प्रेरणा और प्रशिक्षण प्राप्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विशेष डाक टिकट और सिक्के का विमोचन किया है। उन्होंने कहा कि विजयदशमी का पर्व सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक है और भगवान राम ने इस दिन रावण के अहंकार का अंत किया था। उन्होंने बताया कि आज सुबह शाखा में शस्त्र पूजन किया गया तथा दिनभर विभिन्न सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राठौड़ ने युवाओं से आग्रह किया कि वे महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बजाज नगर स्थित खादी ग्रामोद्योग केंद्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने खादी के विभिन्न उत्पादों की खरीदारी की और आम जनता को खादी अपनाने का संदेश दिया।
राठौड़ ने कहा कि खादी केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि स्वदेशी आंदोलन की आत्मा है। यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वावलंबन के विचारों का प्रतीक है। हमें इसे अपनाकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम उठाने चाहिए।

# विजयादशमी पर मंत्रोच्चार के साथ हुआ शस्त्र पूजन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

विजयादशमी पर छोटीकाशी में विभिन्न स्थानों पर शस्त्र पूजन के आयोजन हुए। सिटी पैलेस में पूर्व राजपरिवार के सदस्यों ने शस्त्र पूजन किया। राजपूत सभा भवन में समाज के लोगों ने मंत्रोच्चार के साथ शस्त्र पूजन किया। चांदपोल स्थित रामचंद्र जी मंदिर में विजय दशमी (दशहरा पर्व) पर परंपरागत शस्त्र पूजन किया गया।
वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने धनुष, बाण, तलवार, खड्ग, कटार, नख, भाला, गदा, बंदूक, फरसा सहित विभिन्न शस्त्रों का पूजन किया गया। 10 किलो चांदी से बना धनुष आकर्षण का केन्द्र रहा। ठाकुर जी के राजसी दरबार का श्रृंगार किया गया। पूजन के अवसर पर मंदिर में रजवाड़ी पोशाक में ठाकुर जी का राजसी दरबार सजाया गया। शस्त्रों में 1882 में माजी साहब गुलाब कंवर द्वारा भेंट किया गया 10 किलो का धनुष, लगभग 8 किलो वजनी दो धारी खड्ग, नरेश माधो सिंह द्वारा भेंट की गई 5 किलो वजनी चांदी की तलवार, तथा राजा भवानी सिंह द्वारा भेंट की गई सूर्य चिन्ह अंकित काठ की बंदूक प्रमुख रूप से प्रदर्शित की गई। इसके अलावा 10 फीट के भाले, सिंहमुख गदा, चांदी मंडित लठ सहित अन्य शस्त्रों का भी पूजन किया गया।इसके अलावा 10 फीट के भाले, सिंहमुख गदा, चांदी मंडित लठ सहित अन्य शस्त्रों का भी पूजन किया गया। वर्षभर ये शस्त्र शस्त्रागार में सुरक्षित रहते हैं और केवल विजयादशमी पर ही ठाकुर जी के दरबार में सजाए जाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर हवाई आतिशबाजी हुई। मंदिर भक्त समाज ने बधाई उत्सव मनाया। वातावरण जयकारों और श्रद्धा भाव से गूंज उठा।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्श आज भी प्रासंगिक, शास्त्री के योगदान को भी नमन : मदन राठौड़

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान में भाग लिया। राठौड़ ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया तथा रेलवे स्टेशन स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राठौड़ ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके दिखाए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आगे ले जाना है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को भी याद करते हुए उनके योगदान को नमन



किया। शास्त्री जी ने देश को नारा दिया था जय जवान, जय किसान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस नारे पर कार्य करते हुए देश के जवानों तथा किसानों को सशक्त और मजबूत करने का कार्य किया है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मीडिया से बातचीत के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना को लेकर कहा कि 1925 में विजयदशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा नागपुर में लगाए गए संघ के पौधे ने आज वटवृक्ष का रूप ले लिया है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज दुनिया का सबसे शक्तिशाली गैर-सरकारी संगठन बन चुका है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी संघ के स्वयंसेवक हैं, जिन्होंने संघ से प्रेरणा और प्रशिक्षण प्राप्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विशेष डाक टिकट और सिक्के का विमोचन किया है। उन्होंने कहा कि विजयदशमी का पर्व सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक है और भगवान राम ने इस दिन रावण के अहंकार का अंत किया था। उन्होंने बताया कि आज सुबह शाखा में शस्त्र पूजन किया गया तथा दिनभर विभिन्न सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# विगत 2 वर्षों में राजस्थान में अपराधों में दो साल में 19.45 प्रतिशत की गिरावट

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

हाल ही में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा देश के आपराधिक आंकड़े जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि ये आंकड़े वर्ष 2021, 2022 तथा 2023 तक के ही हैं।पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि वर्ष 2024 व 2025 में राजस्थान में अपराधों में निरंतर कमी आई है।उल्लेखनीय है कि ये आंकड़े वर्ष 2021, 2022 तथा 2023 तक के ही हैं।पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि वर्ष 2024 व 2025 में राजस्थान में अपराधों में निरंतर कमी आई है। राजस्थान पुलिस की अपराधों को दर्ज करने की पारदर्शी, निष्पक्ष एवं फ्री-रजिस्ट्रेशन की नीति के चलते अपराध नियंत्रण व शिकायत निस्तारण की कटिबद्धता का असर अब स्पष्ट नजर आ रहा है। अपराध शाखा से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार यदि वर्ष 2023 व 2024 का तुलनात्मक विश्लेषण किया जाए तो महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के 45,450 मुकदमों के विरुद्ध 36,563 मुकदमे ही दर्ज हुए हैं। अनुसूचित जनजाति के विरुद्ध अपराधों के 8449 के मुकाबले 7008 मुकदमे, अनुसूचित जाति के विरुद्ध अपराधों के 2453 के स्थान पर 2282 मुकदमे दर्ज हुए हैं।अनुसूचित जनजाति के विरुद्ध अपराधों के 8449 के मुकाबले 7008 मुकदमे, अनुसूचित जाति के विरुद्ध अपराधों के 2453 के स्थान पर 2282 मुकदमे दर्ज हुए हैं। आर्थिक अपराधों में भी उल्लेखनीय कमी आई है, 27675 के मुकाबले 27637 अभियोग पंजीबद्ध हुए हैं। आईपीसी/बीएनएस अपराधों में 234985 के स्थान पर 213352 मुकदमे दर्ज हुए हैं। उक्त कालावधि में समग्र अपराधों का ग्राफ भी न्यून हुआ है। अपराधों में दो साल में 19.45 **प्रतिशत की गिरावट**— राजस्थान में महिला अपराधों में **लगातार गिरावट**— महिला अत्याचार प्रकरण में 9.24 प्रतिशत की कमी– वर्ष 2023 के बाद से लगातार टीम राजस्थान पुलिस की प्रतिबद्धता और प्रभावी कार्रवाई के चलते राज्य में महिलाओं, के खिलाफ होने वाले अत्याचारों के अपराधों में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। यह सकारात्मक रुझान वर्ष 2023 के बाद से ही जारी है, यह गिरावट राज्य सरकार द्वारा अपराध नियंत्रण के लिए उठाए गए ठोस कदमों की सफलता को दर्शाती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा हाल ही में जारी किए गए आंकड़े वर्ष 2021 से 2023 तक के हैं जबकि राजस्थान पुलिस की प्रभावी कार्यवाही के चलते वर्ष 2024-25 में अपराधों में लगातार गिरावट नजर आई है। राज्य में महिला अत्याचार, अजा-अजजा संबंधित अपराध व आर्थिक अपराधों के साथ फायरिंग की घटनाओं में भी कमी पाई गई है। अपराधों में लगातार आ रही गिरावट टीम राजस्थान पुलिस की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

स्वच्छ भारत दिवस पर राज्य स्तरीय स्वच्छोत्सव कार्यक्रम आयोजित

# स्वच्छता अभियान के तहत खुले में शौच से मुक्ति बड़ी उपलब्धि : राज्यपाल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत खुले में शौच से मुक्ति बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वह राज्य के सभी जिलों में गए हैं। यह जानकर बहुत सुखद लगा कि गांव गांव, ढाणी ढाणी में शौचालय बने हैं। उन्होंने शहर और गांव में कचरा निस्तारण के लिए भी सभी को मिलकर प्रभावी व्यवस्था किए जाने का आह्वान किया।
राज्यपाल बागडे गुरुवार को स्वच्छ भारत दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय स्वच्छोत्सव समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले जिले के अधिकारी, कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने स्वायत्त शासन की दो पुस्तकों का लोकार्पण किया और सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। राज्यपाल ने कहा कि शुद्ध हवा रखना हम सबकी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने सभी को स्वच्छता के लिए




कार्य करने पर जोर देते हुए सार्वजनिक स्थानों पर थूकने, कार्यालयों की सीढ़ियों की दीवारों पर पीक छोड़ने, केला खाकर छिलके सड़क पर फेंकने आदि की बुरी आदतों को छोड़ने और छुड़वाने के संस्कार विकसित किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने स्वच्छता के लिए अच्छी आदतों को अपनाने पर जोर दिया। गंदगी दूर करने के लिए मिलकर कार्य की आवश्यकता जताई।
बागडे ने बप्पा रावल को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अरबों को भारत से खदेड़ा ही नहीं ऐसा सबक सिखाया कि बाद में डेढ़ सौ वर्षों तक देश में उनके आने की हिम्मत नहीं पड़ी।
उन्होंने विकसित भारत लिए कार्य करने, प्राचीन ज्ञान परम्परा से सीख लेने और फिर से देश को विश्वगुरु बनाने पर जोर दिया। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री और गांधी जी के जीवन से जुड़े प्रसंग सुनाते हुए सभी को नैतिकता और ईमानदारी की सोच अपनाने का आह्वान किया। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि सेवा कर्तव्य है और उत्सव एक भावना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की भावना हमारे यहां उत्सव रूप में जागृत हो चुकी है। उन्होंने पर्दे के पीछे रहकर कार्य करने वाले सफाई मित्रो की सराहना करते हुए कहा कि यह हमारा नैतिक दायित्व है कि हम उन्हें सम्मान, सुविधा और संबल दें। उन्होंने स्वच्छता के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। आरम्भ में नगरीय विकास विभाग के सचिव रवि जैन ने स्वच्छता सर्वे के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों और राज्य में नगरीय विकास विभाग से जुड़े विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महापौर सौम्या गुर्जर और कुसुम यादव ने आभार जताया। राज्यपाल शी बागडे ने आरंभ में कार्यकम स्थल पर लगी स्वच्छता संयंत्रों, सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े अत्याधुनिक उपकरणों आदि की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड़, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )

CMYk